हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–210 : जौनपुर, सोमवार 24 अप्रैल 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## देश को टेक्सटाइल हब बनाने में यूपी की होगी महत्वपूर्ण भूमिका –मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ ब्यूरो : केंद्र सरकार की मंशा है कि आने वाले कुछ वर्षों में भारत ग्लोबल टेक्सटाइल का हब बने। इसके लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य भी रखा गया है। मसलन केंद्र की मंशा 2030 तक 100 अरब डॉलर (लगभग 8250 अरब रुपये) का वस्त्र निर्यात का है। इधर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार भी प्रदेश में वस्त्र उद्योग की बेहद संपन्न एवं शानदार विरासत के मद्देजर यूपी को देश के टेक्सटाइल इंडस्ट्री का हब बनाने को प्रतिबद्ध है। डबल इंजन की सरकार की प्रतिबद्धता के नाते इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए पहल भी हो चुकी है। प्रधानमंत्री मेगा एकीकृत वस्त्र एवं परिधान (पीएम मित्र) योजना के अंतर्गत लखनऊ–हरदोई में एक हजार एकड़ में टेक्सटाइल पार्क की स्थापना की घोषणा और घोषणा के चंद दिनों के भीतर ही यहां लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय वाणिज्य, उद्योग एवं कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल और केंद्रीय कपड़ा राज्य मंत्री विक्रम जरदोश की मौजूदगी में हुआ एमओयू इसका प्रमाण है। उल्लेखनीय है कि वस्त्र उद्योग की बेहद सम्पन्न परंपरा के अनुसार योगी सरकार की मंशा उत्तर प्रदेश को वस्त्र उद्योग ( टेक्सटाइल इंडस्ट्री) के क्षेत्र में देश का हब बनाने की है। इस क्षेत्र में अब तक किए गए प्रयास और पॉलिसी मैटर के जो प्रस्ताव पाइपलाइन में हैं। उन्होंने इस सेक्टर के निवेशकों को इस ओर आकर्षित किया है। जीबीसी में मिले थे 5642 करोड़ रुपये के 46 निवेश प्रस्ताव यही वजह है कि कुछ महीने पहले राजधानी लखनऊ में सम्पन्न ग्राउंड ब्रेकिंग सरमोनी जीबीसी–3 के दौरान इस सेक्टर के लिए कुल 46 प्रस्ताव मिले। इन प्रस्तावों के जरिए इस सेक्टर में कुल 5642 करोड़ रुपये करोड़ रुपये का निवेश होगा। यह जीबीसी–3 में 80224 करोड़ रुपये के प्रस्तावों का सात फीसद है। इन निवेश से प्रदेश के कई जिले आच्छादित होंगे। इन जिलों में लाखों लोंगों को रोजगार भी मिलेगा। संभावनाओं का क्षेत्र है वस्त्र उद्योग वस्त्र उद्योग संभावनाओं का क्षेत्र है। इन्वेस्ट इंडिया की रिपोर्ट (जुलाई–2020) के मुताबिक इस सेक्टर में प्रति एक करोड़ के निवेश पर औसतन 70 लोगों को रोजगार मिलता है। भाजपा ने अपने लोककल्याण संकल्पपत्र–2022 में हर परिवार एक रोजगार का लक्ष्य रखा है। संकल्पपत्र में उत्तर प्रदेश को देश का ''टेक्सटाइल हब'' बनाने के प्रति प्रतिबद्धता जताई गई है। पांच साल में 7500 करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य इस लक्ष्य को हासिल



करने के मद्देनजर इस क्षेत्र की प्रासंगिकता और बढ़ जाती है। इसीलिए हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग विभाग ने पांच साल में पांच लाख रोजगार के अवसर मुहैया कराने के लिए 7500 करोड़ के निवेश का लक्ष्य रखा है। नोएडा में बनेगा अप्रेरल पार्क, आएगा तीन हजार करोड़ का निवेश योगी सरकार इन सारी संभावनाओं के आधार पर प्रदेश को ग्लोबल टेक्सटाइल हब बनाने की दिशा में चरणबद्ध तरीके से काम कर रही है। देश–दुनिया में पहचान बना चुके रेडीमेड गारमेंट्स के उत्पादन को संगठित रूप देने के लिए सरकार नोएडा में अपैरल पार्क बनाएगी। इस पार्क में रेडीमेड गारमेंट्स की लगभग 115 निर्यातोन्मुखी इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य है। एक अनुमान के अनुसार इसमें तीन हजार करोड़ का निवेश आएगा। शीघ्र ही इस बाबत प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जुलाई में शिलान्यास और सितंबर 2025 तक सभी इकाइयों में व्यावसायिक उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा सरकार की योजना पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर पांच टेक्सटाइल एंड अपैरल बनाने की भी है। इसके लिए अगले साल सितंबर तक जमीन चिन्हित कर टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। 2026 तक इनमें उत्पादन शुरू कराने का लक्ष्य है।

## सड़क चौड़ीकरण के कारण लाइट रहेगी बंद सहयोग की अपेक्षा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आजमगढ़ रोड केशवपुर क्रॉसिंग के पास एनएच रोड चौड़ीकरण के अंतर्गत आने वाले 33 केवी विद्युत पोलों को स्थानांतरित करने के लिए पूर्वांचल सिद्धीकपुर जौनपुर टाउन 33 सटडाउन होगा जिसके अंतर्गत चौकिया फीडर और वर्ड बैंक फीडर की सप्लाई दोपहर 12:00 से शाम 4:00 बजे तक बाधित रही ,आम जनमानस से अनुरोध है कि विकास के कार्यों में सहयोग करें।

## परशुराम जयंती पर हुआ राजनेताओं का जमावड़ा : कोई दीवाना कहता है कोई पागल समझता है – डॉ कुमार विश्वास

सुजानगंज( जौनपुर) ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : क्षेत्र के सुजानगंज नगौली स्थित राष्ट्रीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में देर रात भगवान श्री परशुराम जी की जयंती समारोह में काव्य कलस का आयोजन जन संवाद फाउंडेशन संस्था के चेयरमैन युवा नेता पंकज मिश्र के द्वारा किया गया कार्यक्रम में सर्वप्रथम गंगा आरती एवं मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम में युग कवि डॉ कुमार विश्वास,वीर रस के कवि योगेन्द्र शर्मा,हास्य कवि शंभू शिखर के अतिरिक्त कवियित्री पद्मिनी शर्मा और दिव्यंम प्रिया ने शानदार प्रस्तुति की। सबसे पहले उरई से आई कवियित्री दिव्यम प्रिया ने सरस्वती बंदना प्रस्तुत की।उसके बाद हास्य और व्यंग कवि शंभू शिखर के बोल ने सभी को हसने को मजबूर कर दिया।उनकी कविता , लालू तुम्हे बिहारी न कर दे, बिहार की जनता तुम्हे भिखारी न कर दे,उत्तर प्रदेश जाना ट्रंप सोच समझकर योगी जी तुम्हे ट्रंप से तिवारी न कर दे जैसे काव्य पाठ पर कार्यक्रम में उपस्थित जनता ने खूब सराहा मेवाड़ से आए वीर रस के कवि योगेन्द्र शर्मा ने जब वीर अब्दुल हमीद पर रचित कविता गमजदा धामपुर की धरती नदिया रो पड़ी।हर जवा बूढ़ी निगाहे हर गलियां रो पड़ीं ,ने लोगो में उत्साह भर दिया और पूरा मंडप भारत माता की जय से गूंज उठा। मुस्कान प्रेम की हास्य कविता तुम कंप्यूटर युग की गोरी मन की काली तन की गोरी ने लोगो का मन मोहा ।इसके बाद



पद्मिनी शर्मा ने भी अपने कविताओं से लोगो के मन को मोहा अंत में कुमार विश्वास की तीखी व्यंगात्मक ,उपदेशात्मक कविता ने लोगो को तालिया बजाने पर मजबूर कर दिया।उन्होंने अपने चिर परिचित अंदाज में जैसे ही ''किसी की मायूसी जहा से होकर गुजरी है''और ''कोई दीवाना कहता है कोई पागल समझता है ,मगर धरती की बेचौनी तो सिर्फ बादल समझता है ''गाया लोगो ने उनके साथ गाना शुरू कर दिया कवियों के काव्य पाठ ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।इस अवसर पर राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी भाजपा, विधायक मुंगरा बादशाहपुर पंकज पटेल समाजवादी पार्टी, विधायक बदलापुर रमेश चंद्र मिश्रा भाजपा, पूर्व विधायक लाल बहादुर यादव समाजवादी पार्टी, पूर्व विधायक बदलापुर ओम प्रकाश दुबे बाबा समाजवादी पार्टी, पूर्व विधायक लंभुआ सुलतानपुर संतोष पांडे समाजवादी पार्टी , ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख सन्तोष तिवारी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राज बहादुर यादव समाजवादी पार्टी, कायक्रम के मुख्य आयोजक पंकज मिश्रा, अभिषेक शुक्ल, सौरभ त्रिपाठी रहे।

## मल्हनी विधयाक लकी यादव व पुलिस के बीच देर रात हुई तीखी नोक झोंक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के जेसीज चौराहा के पास बने विधायक आवास पर देर रात पुलिसिया तांडव हुआ। मल्हनी के सपा विधायक लकी यादव के आवास पर पुलिसिया तांडव का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। विधायक लकी यादव ने सड़क के किनारे नाली निर्माण का कार्य करा रहे है कुछ सरकारी कर्मचारियों जेई व ठेकेदार को बंधक बनाया था,सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहले विधायक को समझाने का किया प्रयास फिर विधायक के साथ धक्का मुक्की कर कर्मचारी को विधायक के कब्जे से छुड़ाया। विधायक के साथ पुलिस कर्मियों की तीखी झड़प भी हुई ।बीच बचाव में आये समर्थकों के साथ भी पुलिस तांडव व मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है। वही इस मामले में पत्रकारों से बात करते हुए मल्हनी विधायक लकी यादव ने बताया कि बीती रात उनके आवास के नीचे और बगल में कुछ संदिग्ध लोग घुस रहे थे जिसको उन्होंने सीसीटीवी कैमरे में अपने लैपटॉप में देखा और अपने लोगों को नीचे उनको पकड़ने के लिए भेजा वह भागने लगे इस पर दौड़ाकर पकड़ा गया साथ ही उन्होंने इन संदिग्ध लोगों को लेकर पुलिस अधीक्षक को भी फोन कर मामले से अवगत कराया लेकिन काफी देर बाद कोई भी नहीं पहुंचा फिर , सीओ सिटी को भी फोन किया काफी देर बाद मौके पर लाइन बाजार पुलिस पहुंची मामले की जानकारी ले रहे थे कि इसी बीच चौकी इंचार्ज सरायपोख्ता भी पहुंच गए पुलिस वालों ने मेरे साथ अभद्रता किया है मेरा कॉलर पकड़ा है मैंने सिर्फ उनसे चौथे आदमी को पहचान कराने की बात



कही थी। थोड़ी देर बाद में कोतवाल भी मौके पर पहुंच गए और जबरदस्ती लोगों को ले जाने लगे मैंने कहा कि चौथे आदमी से पहचान कराइए फिर सब को ले जाइए भीमराव के लिए घर के बाहर आई मेरी भाभी और मेरी वाइफ से भी धक्का–मुक्की किया गया ,हम इस मामले को सदन में उठाएंगे साथ ही पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी से मिलकर उन्हें मामले से अवगत कराएंगे हमने किसी सरकारी कर्मचारी को बंधक नहीं बनाया है किसी भी व्यक्ति ने दारु नहीं पी रखी थी। वह इस मामले में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि बीती रात नगर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मल्हनी विधायक के आवास के पास पीडब्ल्यूडी के तथाकथित जेई और ठेकेदार द्वारा नाली निर्माण के संबंध में खुदाई की जा रही थी इस दौरान उन्हें बंधक बनाए जाने की सूचना प्राप्त हुई इस पर पुलिस मौके पर पहुंची है बंधक बनाए लोगों को मुक्त कराया है विधयाक आरोप है कि इस दौरान पुलिस ने विधायक व और घर के महिलाओं के साथ अभद्रता हुई है इसकी जांच की जा रही है तथ्य और साक्ष्य संकलन के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। वही इस मामले को लेकर सपा जिला अध्यक्ष डॉ अवधनाथ पाल के नेतृत्व में मछलीशहर विधायक रागिनी सोनकर सहित सैकड़ों सपा कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय के सामने इस मामले को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह को निष्पक्ष जांच करने की माग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है।

## प्रणवम् स्कूल सुजानगंज में मनाया गया विश्व पुस्तक दिवस

सुजानगंज ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : प्रणवम् स्कूल सुजानगंज में सत्रारंभ के उपलक्ष में विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राकेश शुक्ला (ए॰) विशेष सचिव राजस्व उत्तर प्रदेश शासन ने सर्वप्रथम माँ सरस्वती का वंदन कर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्रबंधक व कांग्रेस के मुँगरा विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी डॉ प्रमोद के सिंह ने अपने सहयोगियों तथा विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सिल्जा प्रमोद ने अपने समस्त अध्यापक गण के साथ मुख्य अतिथि का माल्यार्पण करते हुए स्वागत किया। विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि ने बच्चों को विंग्स आफ फायर, रस्किन बॉन्ड,प्रेमचंद की अनमोल कहानियां, तथा देश की स्वतंत्रता के लिए प्राणों की बलि देने वाले क्रांतिकारियों की शौर्य गाथा इत्यादि पुस्तकें भेंट की पुस्तक को पाते ही ऋषिकेश तिवारी,शशांक पांडेय,गौरी पाण्डेय,स्नेहा गुप्ता आदि के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे। बच्चों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री शुक्ला ने बच्चों से किताबों को अपनी मित्रता सूची में सबसे ऊपर रखने के लिए कहा क्योंकि ''किताबें मित्रों में सबसे शांत होती हैं , वे सलाहकारों में सबसे बुद्धिमान होती हैं और अध्यापकों में सबसे धैर्यवान होती हैं।'' कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ प्रमोद के सिंह ने बच्चों को



बताया कि 'भारत दुनिया का सबसे युवा और सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन गया है। ये होनहार युवा हमारी ताकत हैं जो देश को विश्वशक्ति बना सकते हैं, बस जरूरत है ऐसी नीतियों की जो हमारे युवाओं को कौशल और काम करने का असीमित अवसर प्रदान करे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि क्षेत्र पंचायत सदस्य श्री सुधीर तिवारी एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य श्री नितिन तिवारी आदि वक्ताओं ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया समारोह के समापन में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सिल्जा प्रमोद ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया व संचालन कुलदीप पाण्डेय ने किया तथा इस अवसर विजय शंकर दुबे,पंकज मणि तिवारी,दीपक तिवारी,अजीत शर्मा,पंकज सिंह,नीता तिवारी,सुनीता सोनी,वंदना जायसवाल, सोनाक्षी, नीलम, अस्मिता, दिव्या तिवारी व निशा आदि लोग उपस्थित रहे।

## संहिता के अधीन कार्यपालक मजिस्ट्रेटों को प्रदान की गई उनकी समस्त शक्तियां –अपर जिलाधिकारी

जौनपुर सू.वि. : अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) ने अवगत कराया है कि राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0 लखनऊ के अधिसूचना एवं उत्तर प्रदेश शासन, गृह (पुलिस) अनुभाग–9 की अधिसूचना द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (अधिनियम संख्या–02 सन् 1974) की धारा–21 के अधीन शक्ति का प्रयोग करके राज्यपाल महोदय, नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन, 2023 के संदर्भ में उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों में तैनात राज्य सरकार के समस्त विभागों के समस्त राजपत्रित अधिकारियों और अधीनस्थ राजपत्रित अधिकारियों को और राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन स्थानीय प्राधिकरणों और निगमों या निकायों के वेतन बैण्ड–2 रू0 9300–34800 (पे ग्रेड रू0 4600) लेवल–7 या उच्चतर वेतन बैण्ड/लेवल का पद धारण करने वाले समस्त अधिकारियों को जनपद की शान्ति व्यवस्था के संचालन हेतु दिनांक 04.05.2023 से दिनांक 13 मई, 2023 तक की अवधि के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट, जिन्हें विशेष कार्यपालक मजिस्ट्रेट के रूप में जाना जायेगा, नियुक्त करते है और ऐसे कार्यपालक मजिस्ट्रेटों को उक्त संहिता के अधीन कार्यपालक मजिस्ट्रेटों को प्रदान की जा सकने वाली समस्त शक्तियां प्रदान करते है, जिनका प्रयोग वे अपने–अपने जिले की सीमाओं के भीतर कर सकेंगे, जिसमें वे तत्समय तैनात है।

**पाठक बन्धुओं से अनुरोध**

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## धूमधाम से मनाई गई परशुराम जयंती

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा ( पंजी. ) ने मेट्रो सिटी, पेपर मिल कॉलोनी, लखनऊ में ''भगवान परशुराम '' का अवतरण दिवस धूमधाम से मनाया । परशुराम जी भगवान विष्णु के छठे अवतार थे ,और उनका जीवन तप –त्याग और परमार्थ मय था । समाज सेवी , विद्वान अधिवक्ता



डा . मधु सूदन दीक्षित , विदुषी कनुप्रिया महामंत्री पूर्वी भारत ने एवम उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने विश्वकल्याण और विशेषकर ब्राह्मण कल्याण के लिए पूजन और विधि विधान से हवन किया । ब्रह्म शिरोमणि परशुराम जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर सभी लोगों ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर आकांक्षा शुक्ला , अधिवक्ता उच्च न्यायालय, लखनऊ, मेधावी बेटी अर्पणा अवस्थी ,जिसने उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की सहायक अभियोजन, अधिकारी परीक्षा में टॉप किया तथा पंडित विश्व दीप अवस्थी ,अध्यक्ष ब्रह्म चेतना संवाद, उत्तर प्रदेश, का माला पहनाकर , व परशुराम की मूर्ति भेट कर सम्मान किया गया ।पंडित मधुसूदन दीक्षित , विनय मिश्रा तथा पंडित अनिल दिवेदी ने परशुराम जी के जीवन दर्शन की आज के ब्रह्म समाज के उत्थान में भूमिका पर अपने अपने विचार रखे ।कार्यक्रम का सफल संचालन पंडित संजय अवस्थी अध्यक्ष अवध प्रांत ने किया । प्रसाद वितरण के पश्चात रागिनी अवस्थी अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ अवध प्रांत ने कार्यक्रम में आए सैकड़ों ब्रह्म समाज के लोगों को धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की । अंजली मिश्रा, रामा शर्मा,वंदना भारद्वाज, अलका मिश्रा, वंदना शुक्ला, प्रतिभा मिश्रा, शशि अवस्थी, रागिनी अवस्थी, आलोक अवस्थी ने जय परशुराम जी के नारे लगाए और कहा कि अब ब्राह्मण एक हो इसके लिए प्रार्थना की। डॉक्टर ए के मिश्रा ने सभी का फ्री इलाज करने के लिए संकल्प लिया और कहा जो भी होम्योपैथिक डॉक्टर ब्राह्मण हैं निःशुल्क चिकित्सा करें।

## वाराणसी स्टेशन पर ऑपरेशन अमानत एवं नन्हें फरिश्ते का संचालन



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। यात्री सेवा में पूर्ण निष्ठा के साथ सदैव तत्पर रेलवे सुरक्षा बल उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा अपनाई जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के तहत गत दिवसो में मंडल के विभिन्न स्टेशनो पर ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते एवं ऑपरेशन अमानत का संचालन करते हुए इसके तहत निम्न गतिविधियों को सफलता पूर्वक संचालित किया गया जिनका ब्यौरा निम्नवत है :– दिनांक 23.04.2023 को सुरक्षा नियन्त्रण कक्ष, उत्तर रेलवे, लखनऊ से प्राप्त सूचना पर कि गाड़ी संख्या 17323 बनारस विक्ली एक्स0 के स्लीपर कोच में यात्रा कर रहे एक यात्री का सामान छूट गया है। उक्त सूचना के प्राप्त होने पर गाड़ी के वाराणसी स्टेशन पहुँचने पर ऑन ड्यूटी रेलवे सुरक्षा बल द्वारा सामान को उतार कर सुरक्षित पोस्ट पर लाकर रखवाया गया कुछ समय पश्चात यात्री उपस्थित होने पर पूछताछ कर पूर्ण संतुष्ट होने पर सामान को सही सलामत यात्री के सुपुर्द किया गया। यात्री द्वारा रे0सु0ब0 के किये कार्य की भूरि–भूरि प्रशंसा की गयी। दिनांक 23.04.2023 को ऑन ड्यूटी रेलवे सुरक्षा बल कर्मचारी को वाराणसी स्टेशन पर गश्त के दौरान प्लेटफार्म संख्या 1 पर पुराने ओवर ब्रीज के नीचे एक लड़का घूमते मिला जिससे पूछतांछ करने पर अपना नाम अली पुत्र पिन्टू उम्र 11 वर्ष निवासी मालदा (पश्चिम बंगाल) बताया की घर से बिना बताये आ गया है। तदोपरांत इस विषय में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा आवश्यक कार्यालयीय कार्यवाही करने के पश्चात उक्त लड़के को अग्रिम कार्यवाही हेतु गुड़िया रेलवे चाइल्ड लाइन ,वाराणसी को नियमानुसार सही सलामत सुपुर्द किया गया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

*–सुविचार–*

संतान चाहे कितनी भी बड़ी हो जाये, मां का आंचल कभी छोटा नहीं होता।

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

## सम्पादकीय

# 50 वर्ष के हुए सचिन तेंदुलकर : बाजार से बड़ा ब्रैंड

विश्व क्रिकेट के सबसे जगमगाते सितारे सचिन तेंदुलकर आज 50वर्ष के हो गए हैं। अपने आयुष्य का अर्द्धशतक पूरा करने वाले इस करिश्माई भारतीय क्रिकेटर की दो दशकों से ज्यादा लंबी चली क्रिकेट की यात्रा जितनी उनके आला दर्जे के खेल और लगातार उम्दा प्रदर्शनों की फेहरिस्त का लेखा–जोखा है, उससे कहीं गुणा ज्यादा उन कीर्तिमानों की पर्वत श्रृंखला का विस्तार है जो पूरी दुनिया के क्रिकेट को गौरव से भर देती है।

एक ऐसे दौर में जब खेल का मतलब देशभक्ति रहा, राष्ट्र की सेवा रहा और हर प्रशंसक के मन में देश के प्रति भावना और आत्मीयता का आलोक पैदा करता रहा और जब क्रिकेट की दीवानगी इस देश में सारे विरोधाभासों, विषमताओं और सीमाओं को लांघकर लोगों के दिलों में प्यार और मोहब्बत को स्वर घोला करती थी तब सचिन तेंदुलकर देश की एकता और सांप्रदायिक सौहार्द्र की सबसे हरी–भरी डोर थे।

दर्शक–दीर्घाओं से लेकर गली–मोहल्लों, चौक–चौराहों, गांव–कस्बों के भीतर छोटे कद के इस खिलाड़ी को देखकर कभी 100 करोड़ से ज्यादा लोगों का यह देश, जाति, धर्म, संप्रदाय और लिंगभेद भुलाकर एकता के उस सूत्र में समाहित होता रहा है जिससे यह देश एकता में अनेकता के जयघोष के साथ नक्शे पर उतरता रहा है।

अपने आयुष्य के सबसे आरंभिक बिंदु से क्रिकेट की पिच पर बल्ला थामकर विश्व क्रिकेट के आकाश में नए नक्षत्रों की तरह उदीयमान होने वाले मुंबई के 14 साल के इस लड़के का करियर बतौर एक खिलाड़ी के शानदार खेलयात्रा की ही बानगी नहीं है बल्कि एक ईमानदार, पारदर्शी और गरिमामयी खिलाड़ी व्यक्तित्व की भी शिखर यात्रा है जिसने केवल क्रिकेट ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के खेल जगत को प्रभावित किया है।

सच कहा जाए तो भारत रत्न सचिन रमेश तेंदुलकर सही मायनों में भारत की उस गौरवशाली परंपरा और श्रेष्ठतम मूल्यों का भी प्रतिनिधित्व करने वाला व्यक्तित्व व चेहरा है, जिसके बूते हाशिए से लेकर उन्नति की पताका फहराने वाले करोड़ों भारतीय खुद को अभिमान से भर सकते हैं।

क्रिकेट में कीर्तिमानों, रिकॉर्ड्स की जीती–जागती जीवंत पर्वत श्रृंखला को रचने वाला यह सृजनहार, क्रिकेट के आंकड़ों में भी भारत रत्न है और विश्व क्रिकेट की सबसे हरी–भरी गौरवपूर्ण संपदा है। 14 की उम्र से 40 साल की फिटनेस के साथ 24 साल का लंबा करियर, विश्व रिकॉर्ड का शुरुआती सफर, पहले रणजी ट्रॉफी और ईरानी कप मैच में शतक जड़ने से लेकर 16 की उम्र में 1989 में पाकिस्तान के खिलाफ पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने तक सबकुछ आश्चर्य से भरने वाला ही रहा है।

दरअसल, अपने खेल जीवन की सांझ तक सचिन के नाम सबसे ज्यादा वनडे, सबसे ज्यादा टेस्ट, सबसे ज्यादा रन, सबसे ज्यादा शतक दर्ज हो चुके थे। हालांकि कीर्तिमानों की यह श्रृंखला टूटने के लिए ही होती है और भविष्य में सचिन के ये सारे रिकॉर्ड्स टूटेंगे ही, लेकिन अपने व्यक्तित्व के चलते भारतीय क्रिकेट का यह सबसे चमकता सितारा इतनी सकारात्मक ऊर्जा और रौशनी से भरा है कि उसके करियर की बराबरी करना मुश्किल है।

क्रिकेट के मास्टर कहे जाने वाले सचिन ने केवल क्रिकेट खेला ही नहीं बल्कि बतौर खिलाड़ी इस खेल के सारे आयामों को प्रभावित किया। समाज, राष्ट्र और पूरे देश की संस्कृति सचिन से प्रभावित रही। यही नहीं कभी आर्थिक विषमता, बेकारी, बंद होती कंपनियों और मंदी के घटाटोप अंधेरे से भरे एक दौर में भारतीय क्रिकेट का यह सबसे महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर पूंजी और समृद्धि का एक ऐसा अद्भुत टिमटिमाता तारा बनकर उभरा जिसने केवल भारत ही नहीं बल्कि विश्व क्रिकेट को रौशन किया है।

इस तारे की मद्धम और झीनी रौशनी से देसी अर्थव्यवस्था जगमग होती रही है, तो दुनिया के कई कंगाल होते, तंगी झेल रहे क्रिकेट बोर्ड भी राहत की रौशनी पाते रहे हैं। बताने की जरूरत नहीं कि रोजाना देश के आर्थिक महाशक्ति होने के अलापे जाने वाले राग के बीच बीसीसीआई सालों से क्रिकेट की आर्थिक महाशक्ति है।

सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड की दुनिया में कुबेरपति कहे जाने वाले सचिन ने कभी घरेलू मैदान मुंबई के वानखेडे पर अपना 200वां अंतिम टेस्ट मैच खेला था और उस वक्त उनके संन्यास के बाद उनकी क्रिकेट की दुनिया में उनकी प्रासंगिकता पर भी सवाल उठे थे। पूछा जा रहा था कि पिछले डेढ़ से ज्यादा दशकों से भारत में कई बड़ी देसी विदेशी कंपनियों के लिए मुनाफे का मोहजाल फैलाने वाले सचिन की लोकप्रियता का ग्राफ क्या कम होगा? क्या विज्ञापन की दुनिया के इस किमियागार पर पहले की तरह कंपनियां मेहरबान होंगी? और क्या भारतीय खेलों की दुनिया के सबसे बड़े ब्रैंड स्वर्गीय रमेश तेंदुलकर के इस छोटे लड़के की विज्ञापनी माया ढलने तो नहीं लगेगी?

दरअसल, रन बनाने की मशीन कहे जाने वाले सचिन जब तक पिच पर रहे तब तक मुनाफे की बावली कंपनियां सचिन के पैड, बैट, हैलमेट, जूते और शर्ट के खीसे तक को भुनाती रही, लेकिन बाद में सचिन के विनम्र, उदार और हमेशा कमजोर की सहायता के लिए खड़े रहने वाले इस ब्रैंड ने अपनी काया और आत्मा का आकार इतना बड़ा कर लिया कि आज 50 के हो चुके सचिन बाजार से बड़ा ब्रैंड तो हैं ही बल्कि आज भी मीडिया की सुर्खियों में रहने सितारा हैं।

जाहिर है पूंजीवादी व्यवस्था में जब मुनाफे की कोई निष्ठा और ईमान नहीं है, वह हर कदम पर अवसरवादी है, ऐसे में आज अपना 50वां जन्मदिन मना रहे भारत रत्न सचिन तेंदुलकर एक स्क्रीन में लगातार बदल रही लोकप्रियता में कभी कैद नहीं हुए बल्कि इस शानदार खिलाड़ी ने अपने खिलाड़ी और व्यक्तित्व से उपजी प्रतिष्ठा से ब्रैंडिंग का वह सरताज बन गए हैं कि फिक्सिंग, सट्टेबाजी और आईपीएल जैसे फॉर्मेट की चमकती रातों में लगातार काले हो रहे क्रिकेट में भी वे आज चारित्रिक रूप से उतने ही धवल, उजले और सम्मानित होकर हमारे सामने हैं, जितना कि कोई अंजान नया चेहरा।

एक शख्सियत की एक बेहतरीन क्रिकेटर होने से बड़ी खासियत यही रही है कि पिछले 24 सालों के उनके क्रिकेट करियर में ना उनके चरित्र पर न कोई दाग लगा, न वे किसी सट्टेबाजी या फिक्सिंग स्कैंडल में फंसे, यहां तक कि एक सिंगल फोटो भी ऐसी नहीं रही जो उनके नाम पर विवाद पैदा करती।

विनम्रता, निष्ठा, प्रतिष्ठा और चरित्र सचिन की वास्तविक ब्रैंडिंग करते हैं। एक नजरिए से देखा जाए तो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की संसद के सर्वोच्च सदन राज्यसभा में सदस्य के रूप में रहने वाले दुनिया के और भी बड़े व प्रतिष्ठित ब्रैंड बनकर सामने आए हैं।

अपने संन्यास के वक्त मुंबई में कांदीवली जिम खाना क्लब उनके नाम से हो जाने की आहट उनकी कीर्ति की पवित्रता का विस्तार ही रहा है, जो यहां तक पहुंचकर इस खिलाड़ी को इस रूप में और महान बना रही है।

बहरहाल, अपने जीवन का अर्द्धशतक पूर्ण करने वाले 50 वर्षीय मुंबई के इस पोरगे को और देशभक्त को शुभकामनाएं, इस इच्छा के साथ की उनके क्रिकेट से भी ज्यादा प्रभावशाली उनके व्यक्तित्व का विस्तार होगा और वह खेल की दुनिया में अतुलनीय होगा।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# पुलिस टीम ने अवैध शस्त्र व उपकरणों के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–(हरदोई) असमाजिक तत्वों द्वारा अवैध शस्त्रों के निर्माण/प्रयोग पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के कुशल निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी दुर्गेश सिंह व सीओ शाहाबाद हेमंत उपाध्याय के कुशल नेतृत्व में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत रविवार को दोपहर बाद पाली पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर रमापुर पुलिया भानू प्रताप सिंह के ट्यूबेल के पास आबादी के जंगल में बने गड्ढों में अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है,पुलिस टीम ने भारी मात्रा में अर्ध निर्मित,और निर्मित असलहा के साथ असलहा बनाने के उपकरण को बरामद किया है। इस मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने पकड़े गये अपराधी हरिसेवक (42) पुत्र हीरालाल लौहार निवासी ग्राम रमापुर के पास से 01 अदद तमंचा 12 बोर (चालू हालत),02 अदद तमंचे 12 बोर (मरम्मत हालत),01 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर,02 अदद खोका कारतूस 12 बोर,02 अदद तमंचा 315 बोर (चालू हालत),01 अदद तमंचा 315 बोर (अर्धनिर्मित),01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर,02 अदद खोका कारतूस



315 बोर, भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किये हैं। पुलिस हिरासत में आये अभियुक्त के विरुद्ध थाना पाली पर अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक श्रीपति मौर्या,कांस्टेबल बिजेंद्र कुमार, कांस्टेबल मोहित वन,कांस्टेबल विनय कुमार, कांस्टेबल जयपाल सिंह मौजूद रहे।

# विराम खंड–5 में मनाया गया पृथ्वी दिवस

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। डॉ भरत राज सिंह अध्यक्ष, विराम खंड–5, जनकल्याण समिति एवं महानिदेशक, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ ने कहा कि हम जानते हैं कि पृथ्वी दिवस हर साल 22 अप्रैल को दुनिया में सबसे बड़े धर्मनिरपेक्ष अनुष्ठान के रूप में मनाया जाता है। यह पर्यावरण संरक्षण का दिन है और अब यह दुनिया भर में स्वच्छ आवास के लिए बड़े पैमाने पर जोर दे रहा है। पृथ्वी दिवस मनाना इस बात का प्रमाण है कि एक व्यक्ति सकारात्मक तरीके से वैश्विक प्रभाव डाल सकता है। 1970 के दशक के दौरान अमेरिकी देश वियतनाम युद्ध के कारण आर्थिक संकट का सामना कर रहा था, लेकिन पर्यावरणीय मुद्दे की लागत भी बड़े पैमाने पर बढ़ रही थी। अमेरिकी बड़ी कारों को चला रहे थे जो सीसा वाले गैसोलीन पर चलती थीं। कारखाने, रासायनिक संयंत्र, तेल उद्योग फलफूल रहे थे लेकिन वायु प्रदूषण और पर्यावरणीय कचरे का उत्पादन भी था। आज के विपरीत, अधिकांश लोगों के लिए ग्रह का स्वास्थ्य मुख्य रूप से उच्च प्राथमिकता नहीं थी क्योंकि वे आम दैनिक प्रथाओं के खतरनाक दुष्प्रभावों से अनजान थे। 1990 में दुनिया भर के 141 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 200 मिलियन से अधिक लोग पृथ्वी दिवस मनाने और वैश्विक स्तर पर पर्यावरण सुधार के लिए जोर देने के लिए एक साथ आए थे। अब हर साल हम प्रकृति संरक्षण को चिह्नित करने के लिए 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाते हैं। पृथ्वी की सुरक्षा में भाग लेने और पृथ्वी को एक सुरक्षित स्थान बनाने




के कई तरीके हैं। उदाहरण के लिए, जल संरक्षण, पुनर्चक्रण और ऊर्जा की बचत पर्यावरण की रक्षा के सभी महत्वपूर्ण भाग हैं जो आपके बच्चे या आपकी कक्षा में बच्चे योगदान दे सकते हैं। अपने दांतों को पानी से साफ करने से लेकर कमरे में न होने पर लाइट बंद करना याद रखना, ये छोटे कदम ग्रह पर बड़ा प्रभाव डाल सकते हैं। अध्यक्ष, विराम खंड–5, जनकल्याण समिति एवं महानिदेशक, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ सहित अन्य सदस्य राकेश जेटली, खंड प्रभारी, अरुण त्रिवेदी, सचिव एवं इंजी. एसबीएल मेलहोत्रा और अन्य सदस्य व निवासियो ने वसंती पार्क में एक वैठक आज 22 अप्रैल 2023 को आहुत की और प्रकृति को संरक्षित करने हेतु, विराम खंड के निवासियों और एसएमएस के छात्रों और संकाय सदस्यों के बीच इसे बढ़ावा देने कईं साथ–साथ पौधारोपण, और जल संरक्षण का भी संकल्प लिया ।

# वांछित व न्यायालय से जारी वारंट के तहत दस आरोपी गिरफ्तार

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय खरगूपुर गोंडा। वांछित एवं न्यायालय से जारी वारंट के तहत पुलिस ने दस आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र अंतर्गत अलग–अलग स्थानों से पुलिस ने बीते 24 घंटे के भीतर दस आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि गत वर्ष बलवा करने के आरोप में ग्राम पचर न निवासी घनश्याम कालू उर्फ लालचंद विजय कुमार राहुल तथा राजकुमार को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह न्यायालय से जारी विभिन्न मामलों में वारंट के तहत ग्राम बालपुर निवासी आनंद कुमार तिलकराम शिवकुमार तथा चोरी परिहार गांव के राम देव व रेहर वा गांव निवासी संतोष कुमार को पुलिस की अलग–अलग टीम द्वारा गिरफ्तार



किया गया। प्रभारी निरीक्षक श्री द्विवेदी ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायालय के लिए रवाना किया गया है।


# उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने भारतीय आदर्श योग संस्थान के प्रथम स्थापना दिवस पर दी बधाई

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने भारतीय आदर्श योग संस्थान के प्रथम स्थापना दिवस के अवसर पर बधाई दी है उन्होंने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि इस संस्था का एक साल पहले उद्घाटन किया था आज प्रथम स्थापना दिवस पर योगाचार्य कृष्ण दत्त मिश्रा एवं उनकी टीम को बधाई देता हूं। योग संस्थान नित नई ऊंचाइयों को छूता रहे और लोगों को निरोग करता रहे जिसमें योगाचार्य केडी मिश्रा पूरे जुनून के साथ जुटे हुए हैं। बहुत–बहुत बधाई।"भारतीय आदर्श योग संस्थान" के संरक्षक एवं उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता एवं "भारतीय आदर्श योग संस्थान" के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगाचार्य कृष्ण दत्त मिश्रा ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह आर ए बाजार, तोपखाना, कैंट स्थित माध्यमिक विद्यालय के प्रेक्षागृह में 25 अप्रैल मंगलवार को आयोजित किया गया है योग गुरु एवं संस्थान के सचिव



राजकुमार ने जानकारी देते हुए बताया इस अवसर पर 51 योग साधक ,सधिकाओ तथा असाध्य रोगों को योग के माध्यम से परास्त कर स्वस्थ होने वाले लोगों को "महर्षि पतंजलि सम्मान" से सम्मानित भी किया जाएगा तथा समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भजन संध्या का भी आयोजन किया गया है।

# राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस : महिलाओं की राजनीति में बाधा बनते सरपंचपति –डॉ प्रियंका सौरभ



लखनऊ ब्यूरो : चुनाव में खड़े होने और जीतने के बाद महिला प्रधानों के परिवार के सदस्यों से प्रभावित होने की संभावना अधिक होती हैय अधिकांश कार्य परिवार के पुरुष सदस्यों द्वारा नियंत्रित किया जाता है। देखने में तो महिलाओं ने चुनाव जीत लिया लेकिन परोक्ष रूप से पुरुष सदस्यों द्वारा नियंत्रित किया जा रहा है। पुरुष सदस्यों ने मामले को संभाल लिया और लोगों के सवालों का जवाब दिया, जबकि महिलाओं ने अपने घरेलू कामों को जारी रखा। नेता होने के बावजूद, महिलाओं को कई बाधाओं का सामना करना पड़ता है जो उन्हें भेदभाव और दुर्व्यवहार के प्रति संवेदनशील बनाती हैं। जिसके परिणामस्वरूप सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्रों में स्थिति और अवसरों की समानता से इनकार किया गया है। महिलाएं भारत की आबादी का लगभग आधा हिस्सा हैं। महिलाएं न केवल मानव जाति को बनाए रखने में उनके महत्व के कारण बल्कि सामाजिक–आर्थिक प्रगति में उनके महत्वपूर्ण योगदान के कारण भी सामाजिक संरचना का एक अभिन्न अंग रही हैं। इसके बावजूद, महिलाओं को सामाजिक दृष्टिकोण और सामाजिक प्रथाओं में लिंग–पूर्वाग्रह के कारण भेदभाव का शिकार होना पड़ा है, जिसके परिणामस्वरूप सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्रों में स्थिति और अवसरों की समानता से इनकार किया गया है। अप्रैल 1993 में, भारत ने संविधान के 73वें संशोधन के कार्यान्वयन के साथ विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया, जिसमें पंचायत राज संस्थानों में आबादी के कमजोर वर्गों के लिए आरक्षण प्रदान किया गया था। इस संशोधन के माध्यम से, इन संस्थानों के सदस्यों और अध्यक्षों के रूप में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। 1995 तक, पंचायतों में महिलाओं की संख्या तेजी से बढ़ी, केरल और मध्य प्रदेश में उच्चतम प्रतिनिधित्व के साथ जहां महिलाओं ने 38: सीटें भरीं (अहमद और अन्य, 2008)। 3 मिलियन प्रतिनिधियों में से 1.3 मिलियन महिलाएँ हैं जो अब पंचायतों में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं (भटनागर, 2019)। वर्तमान में, भारत के 20 राज्यों ने अपने संबंधित राज्य पंचायती राज अधिनियमों में प्रावधान किए हैं और महिलाओं के आरक्षण को 50% तक बढ़ा दिया है। इसके अतिरिक्त, ओडिशा जैसे राज्यों ने यह अनिवार्य कर दिया है कि यदि किसी गाँव में अध्यक्ष एक पुरुष है, तो उपाध्यक्ष एक महिला होनी चाहिए (मोहंती, 1995)। महिलाओं के लिए आरक्षण के प्रावधानों ने जमीनी लोकतंत्र को बदल दिया है और ग्रामीण महिलाओं को अपने अधिकार का प्रयोग करने और ग्राम प्रशासन में शामिल होने की शक्ति प्रदान की है। जमीनी स्तर की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी पितृसत्तात्मक मानसिकता के कारण कम रही है कि महिलाएं घर पर हैं, जहां उनकी जिम्मेदारियां घरेलू काम और बच्चों के पालन–पोषण तक ही सीमित हैं। इस प्रकार महिलाओं के साथ सक्रिय रूप से भेदभाव किया जाता है और चूंकि उनके पास घर में सीमित निर्णय लेने की शक्तियां होती हैं, इसलिए यह मान लेना अवास्तविक है कि उनके पास समुदाय के लिए निर्णय लेने के कई अवसर हैं। 73वें संशोधन द्वारा बदलाव की नींव रखे जाने के साथ ही राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव आया है और महिलाएं अधिक सक्रिय हो रही हैं। निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों ने समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों की स्थिति को मजबूत करके और आवाज न उठाने वालों को सशक्त बनाकर स्थानीय शासन को बदल दिया है। इसके अलावा, वे समाज में अन्य महिलाओं को लैंगिक रूढ़िवादिता को तोड़ने और निर्णय लेने की प्रक्रिया में खुद को शामिल करने के लिए प्रेरित करती हैं। एक और महत्वपूर्ण भूमिका जो चुनी हुई महिला प्रतिनिधि निभाती है वह है ग्रामीण विकास लाना। वे विभिन्न राजनीतिक बाधाओं से निपटने और अपने समुदायों की भलाई के लिए सर्वोपरि परिवर्तन लाने में सक्षम हैं। महिलाओं को प्रभावी नेता के रूप में जाना जाता है और वे अपने दैनिक कर्तव्यों और प्रशासन में पारदर्शिता और दक्षता लाती हैं। वे अपने समुदाय की जरूरतों को समझते हैं और जागरूकता लाने और समुदाय के सामने आने वाले मुद्दों को हल करने के लिए अच्छी तरह से काम करते हैं। इसलिए, कई मामलों में, अतिरिक्त धन और संसाधनों के लिए कड़ी पैरवी करने जैसी विभिन्न बाधाओं से निपटने के बावजूद, महिला नेता अपने पुरुष पूर्ववर्तियों की तुलना में तेजी से ग्रामीण विकास करती हैं। इसके अलावा, महिलाओं को सामाजिक रूप से प्रतिगामी प्रथाओं जैसे बाल विवाह, पर्दा प्रथा और दहेज प्रथा के खिलाफ उत्पीड़न और भेदभाव से मुक्त समाज बनाने के लिए सामाजिक क्रांति का सही एजेंट माना जाता है। राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं के प्रवेश के साथ, लोकतंत्र का चेहरा एक प्रतिनिधि लोकतंत्र से एक सहभागी लोकतंत्र में बदल गया है। गांवों में नेतृत्व की भूमिका निभाने वाली महिलाओं के साथ, उन्हें किसी भी प्रकार की जाति–आधारित या लैंगिक हिंसा के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए जाना जाता है। महिलाओं को कल्याणकारी लाभों के प्राप्तकर्ता के रूप में देखने से लेकर उन्हें क्रांति के सफल एजेंट के रूप में शामिल करने तक, महिला सशक्तिकरण पर बहस आगे बढ़ी है। हालाँकि, नेता होने के बावजूद, महिलाओं को कई बाधाओं का सामना करना पड़ता है जो उन्हें भेदभाव और दुर्व्यवहार के प्रति संवेदनशील बनाती हैं। हमारे देश में पंचायती राज संस्थाओं की स्थापना से एक महिला को एक अच्छे प्रशासक, निर्णयकर्ता या एक अच्छे नेता के रूप में अपनी उपयोगिता साबित करने का अवसर मिलता है। 73वां संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 इस संबंध में एक मील का पत्थर है। इससे महिलाओं को आगे आने का मौका मिलता है। विशेषकर महिलाओं को अपने घरों से बाहर निकलकर प्रशासनिक और राजनीतिक क्षेत्र में भाग लेने का अवसर प्रदान कर यह प्रयोग बड़ी सफलता सिद्ध हो रहा है। यह विचार करना होगा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायती राज संस्थाओं के अंतर्संबंध की प्रारंभिक अवस्था में ग्राम पंचायती में सुयोग्य महिलाओं का समावेश सामाजिक स्थिति में सुधार और महिलाओं को सशक्त बनाने की योजना बनाने में एक महत्वपूर्ण सहायक उपाय होगा। महिलाएं हमारे देश की आधी आबादी हैं। दुनिया के इतने बड़े लोकतंत्र में महिलाओं को प्रोत्साहित करना हमारा कर्तव्य है। महिलाओं को उचित दर्जा देने के लिए सरकार, गैर–सरकारी संगठनों और विश्वविद्यालयों को इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। महिलाओं का यह समूह, यदि ग्राम पंचायत स्तर पर प्रतिनिधित्व प्रदान किया जाता है, तो मजबूती से उठ सकता है और महिलाओं की बेहतरी से संबंधित मुद्दों को संभाल सकता है, निर्णय लेने की प्रक्रिया में प्रमुख भूमिका निभा सकता है और बैठक में महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिए उपयुक्त सिफारिश कर सकता है। यह महिलाओं के लिए सेवाओं के प्रावधानों और इससे लाभान्वित होने वाले संसाधनों के प्रबंधन पर अधिक नियंत्रण रखने के अवसर पैदा करता है। स्थानीय राजनीति में पुरुषों के साथ प्रतिस्पर्धा करने वाली महिलाओं की अच्छी संख्या, लिंग संबंधी एजेंडा को आगे बढ़ाने को लिंग समानता की दिशा में देखा जाता है।

# भगवान श्री परशुराम जयंती पर सनातन ब्राह्मण समाज ने किया पूजन अर्चन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय बहराइच। रमपुरवा स्थित परशुराम मन्दिर में अक्षय तृतीया को आज भगवान श्री परशुराम जयंती पर पूजन अर्चन करते सनातन ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों में जिलाध्यक्ष पं रामजी बाजपेयी, पं रामकरण मिश्र सैलानी,पं देवेश चन्द्र मिश्र मंजनू, पं मधुसूदन मिश्र, गिरिजाशंकर बाजपेयी,पं शरत चन्द्र मिश्र, माधवदीन मिश्र, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गिरिजेश दत्त बाजपेयी,केदारनाथ अवस्थी,मगनबिहारी पाठक,सुंदरलाल बाजपेयी, पूर्व विधायक कृष्ण कुमार ओझा,मीडिया प्रभारी पुण्डरीक पाण्डेय,परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष पं महेंद्र नाथ तिवारी पप्पू,मनोज अवस्थी,रजनीश त्रिबेदी, स्नेह शुक्ल,सूरज त्रिबेदी, रामसर्वज्ञ मिश्र, शिव शंकर बाजपेयी, कपिल देव मिश्र, राम धीरज शर्मा,अनिल अवस्थी,झब्बूलाल अवस्थी, संजय, रमाकांत प्रद्युम्न बाजपेयी, पंकज पाठक,कृष्ण मुरारी त्रिपाठी एडवोकेट, सुरेश ,धनेश,कमलेश, सत्यम,चौतन्य, पवन,संजय,शिवगोपाल, आशीष, अशोक,सत्यदेव, गोवर्धन लाल, रामनरेश, चंद्रप्रकाश, कृपाराम, विनीत,राजदत्त, नौरंगी लाल, राकेश, सोनेलाल, सुनील, कल्पराम समेत सैकड़ों की संख्या में उमड़े विप्र समुदाय का हुजूम इस दौरान आराध्य देव परशुराम जी का स्नान,अंगवस्त्र, यज्ञोपवीत, चंदन तिलक धारण कराकर उनके गुरु भगवान शंकर का पूजन आराधन एवं स्तवन ततपश्चात प्रसाद भोग लगाकर परशुराम आरती,चालीसा व स्तुति कर विचार गोष्ठी में समाज की एकता,बुराइयों के निराकरण,



विसंगतियों का त्याग व आपस में एक दूसरे का उत्पीड़न करने कराने व नीचा दिखाने की होड़ त्याग कर समाजहित,जनहित व राष्ट्रहित व सर्वेभवन्तु सुखिनः की कामना से समाज को एकसूत्र में पिरोने का संकल्प लिया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ पं गिरिजा शंकर बाजपेयी जी की सरस्वती वंदना वर दे वीणा वादिनि वर दे व स्वागत लोकगीत से हुआ तथा संचालन सहित्यभूषण पुरस्कार 2020 प्राप्त कवि पं रामकरन मिश्र सैलानी जी ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला अध्यक्ष रामजी बाजपेयी व प्रांतीय महासचिव पं देवेश चन्द्र मिश्र ने किया।पूर्व विधायक कृष्ण कुमार ओझा ने यथाशीघ्र मन्दिर के सुंदरीकरण का शुभारंभ कराने का संकल्प लिया ।जिला पंचायत सदस्य पं सुंदर लाल बाजपेयी एवं कवि पं रामधीरज शर्मा व परशुराम सेना के पं महेंद्र नाथ तिवारी ने समाज के लोगों का राजनैतिक इशारों पर पुलिसिया उत्पीड़न किसी भी स्थिति में स्वीकार न करने का संकल्प दोहराया।

# नौकरी दिलाने के नाम पर किया 12 लाख रु का ठगी : पुलिस ने घर पर चस्पा किया नोटिस

जौनपुर क्राईम ब्यूरो धनंजय विश्वकर्मा : सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के मल्हनी गांव में तीन अभियुक्त के ऊपर नौकरी दिलाने का जालसाजी कर 12 लाख रुपए लेकर के फरार हुए अभियुक्त के घर सराय ख्वाजा थाना पुलिस अपराध निरीक्षक शेष कुमार शुक्ला ने अपने हमराहियों के साथ फरार हुए लोगों के मकानों व स्कूल पर नोटिस चस्पा किया। बतादें कि सत्यम यादव पुत्र हौसिला प्रसाद यादव निवासी मल्हनी, नरसिंह सिद्धार्थ पुत्र रामचंद्र, कु. बबीता पुत्री रामचंद्र निवासी अफलेपुर थाना सरायख्वाजा को शैलेश मौर्या पुत्र सूर्यपाल मौर्या निवासी जमालपुर थाना सरायख्वाजा जो मल्हनी बाजार में मेडिकल स्टोर चलाया करता है। वह अपने पत्नी दीपिका मौर्या को नौकरी दिलवाने के लिए उपरोक्त लोगों को 12 लाख रुपए व समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाणपत्र एक वर्ष पूर्व दे दिया था। उपरोक्त लोगों द्वारा नौकरी ना लगवाने पर शैलेश मौर्या ने अपने पैसे उन लोगों से मांगने लगा तो उन्होंने पैसा शैक्षणिक मूल्य प्रमाण पत्र देने में आनाकानी करने लगे शैलेश मौर्या ने इसकी सूचना सराय ख्वाजा थाना पुलिस को दिया उन्होंने थाने पर अवगत कराया की उपरोक्त लोगों ने ना तो दीपिका मौर्या की नौकरी लगवाई न तो शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्र वापस किया और नहीं 12 लाख रुपए वापस किया शैलेश मौर्य द्वारा थाना सराय ख्वाजा में 3 लोगों के ऊपर थाना अध्यक्ष से कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाया था। जिसमें न्यायालय द्वारा धारा 419 420 406 506



पंजीकृत के तहत विवेचना अपराध नि. शेष कुमार शुक्ला द्वारा जाँच करने पर अपराध में संलिप्त पाए जाने पर अभियुक्त पर बार–बार दबिश का प्रयास किये जाने पर भी नहीं मिले तब अभियुक्त गणों के विरुद्ध न्यायालय द्वारा एनबीडब्ल्यू में जीआरपी फरार होने पर अधिपत्र प्राप्त कर शनिवार को निरीक्षक अपराध शेष कुमार शुक्ला उपनिरीक्षक दिवाकर प्रसाद हेड कांस्टेबल अनुज प्रताप सिंह हेड कांस्टेबल पवित्र भूषण तिवारी वह कांस्टेबल अनिल सिंह सहयोगियों के साथ अभियुक्तों के गाँव मोहल्ले में डुग्गी बजाकर के माननीय न्यायालय द्वारा फरार घोषित करने के ऑडिट को गांव वालों को बता कर के नोटिस अभियुक्तों के मकानों पर व स्कूल में चस्पा कराया।

# व्यापारियों का हित करने वाला सिर्फ समाजवादी पार्टी है –डॉ अवधनाथ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी उषा श्रवण जयसवाल के सदभावना पुल स्थित केंद्रीय चुनाव कार्यालय के उद्घाटन जिलाध्यक्ष अवधनाथ पाल ने फीता काटकर किया।इस अवसर पर सभा को संम्बोधित करते हुए जिलाअध्यक्ष डां अवधनाथ पाल ने कहा समाजवादी पार्टी ने एक कार्यकर्ता को टिकट देकर ये संदेश दिया है और जिस तरह आज समाजवादी पार्टी एकजुटता से अपने कैंडिडेट को जिताने के लिए कटिबद्ध है। समाजवादी पार्टी का कैंडिडेट समाजवादी पार्टी का नेता के साथ साथ व्यापारी नेता भी है और लगातार व्यापारियों के लड़ाई लड़ता रहा है आज जिस तरह व्यापारी वर्ग उसका साथ दे रहे हैं उसे सीधा एक संदेश जा रहा है की व्यापारी वर्ग अब भाजपा के बहकावे में नहीं आएगा व्यापारियों का हित करने वाला सिर्फ समाजवादी पार्टी है और 20 साल का किला इस बार नगर पालिका में समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी ढहाने का काम करेगा हमारे बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता इस चुनाव को बहुत मजबूती से लड़ रहे हैं ऐतिहासिक वोटों से इस बार नगर पालिका अध्यक्ष समाजवादी पार्टी का होगा वहीं प्रत्याशी उषा जयसवाल ने कहा समाजवादी पार्टी के एक एक कार्यकर्ता जीस तरह से इस चुनाव लगें है इससें



हमें बहुत हौसला मिल रहा है व्यापारी वर्ग जीस तरह इस चुनाव में खुलकर समर्थन कर रहा है निश्चित रूप से समाजवादी पार्टी का नगरपालिका अध्यक्ष होगा । इस अवसर पर पूर्व विधायक लंलन प्रसाद यादव, शैलेंद्र यादव,श्री राम यादव, श्रद्धा यादव, पूर्व विधायक सुषमा पटेल ,अरशद खान,राजबहादुर यादव,शकील अहमद,रुक्सार अहमद,राजनाथ यादव,राहुल त्रिपाठी,दीपचंद राम,यशपाल गुप्ता,अनवारुल हक,गप्पू मौर्या लाल मोहम्मद रानी,कमालुद्दीन अंसारी,जयसवाल समाज के निवर्तमान जिला अध्यक्ष सर्वेश जयसवाल, चौरसिया,आदि उपस्थित रहे।

# राम्हण वेटरनरी संगठन ने पारम्परिक रूप से मनाया भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव

महू मध्यप्रदेश ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय महू के ब्राम्हण वेटरनरी संगठन के सदस्यों ने डॉ रोहित शर्मा के नेतृत्व में पारम्परिक रूप से मनाया भगवान परशुरामजी का जन्मोत्सव। महू संवाददाता दामोदर विरमाल ने बताया कि प्रातः काल सभी सदस्यों ने अपने अपने वाहनों से भगवान परशुरामजी की जन्म स्थली व महर्षि जमदग्नि आश्रम जानापाव कुटी जाकर मंदिर में पूजन अर्चन किआ। पश्चात मन्दिर प्रांगण में हो रहे परशुराम महायज्ञ में सर्वार्थ कल्याण के लिए आहुति दी। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी के कार्यक्रम में आयोजन समिति द्वारा वेटरनरी डॉक्टरों का स्वागत सम्मान भी किया गया। सभी सदस्यों ने महाप्रसादी भंडारे में परसदारी कर श्रमदान करते हुए पर्वत की चोटी से नीचे तक पैदल बिना किसी आधुनिक उपयंत्रो के भजन गाते हुए यात्रा निकाली। डॉ सुप्रिया शर्मा, डॉ



सूरज शर्मा , अवनीश पाठक , अदिति विश्वकर्मा , यश शर्मा , मयंक बिष्ट , शैलेन्द्र सिंह, धीरज साकरे , देवांश शर्मा, श्री अवस्थी , अभय शर्मा , कुलदीप कुशवाह , विष्णु शर्मा,भूपेंद्र पाटीदार,विशाल शर्मा,सुमित टाडा व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# तालाब के किनारे 7 साल की बच्ची की नग्न अवस्था मे मिला शव : मचा हडकंप

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मीरगंज थाना क्षेत्र के बभनियांव गाँव मे तालाब के किनारे 7 साल की अज्ञात बालिका का नग्न अवस्था मे शव मिलने पर हडकम्प मच गया सूचना मिलने पर पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुच कर शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मीरगंज थाना के बभनियांव गाँव के राजाराम पुरा बस्ती के दक्षिण के तालाब के पास सोमवार सुबह एक व्यक्ति शौच करने गया तो उसे किनारे एक 7 साल की बालिका का शव नग्न अवस्था मे दिखा तो लोगो ने इसकी जानकारी पुलिस को दी सूचना पर मौके पर थानाध्यक्ष मीरगंज बृजेश कुमार गुप्ता सीओ अमर सिंह तथा पंवारा व मुगराबादाशाहपुर की पुलिस मौके पर पहुँच गयी। शव तालाब के किनारे पडा था शव देखने से प्रतीत होता है की शव दो तीन दिन पहले तालाब के पानी मे डाला गया होगा कुत्ते शव को खीचकर किनारे तक ले गये होगे शव फूल गया है और बदबू आ रही थी तालाब के किनारे एक छोटी से मटकी और फूल माला रखा गया है आशंका व्यक्त की जा रही है कोई अंधविश्वासी शव को निसार करके चला गया होगा फिलहाल पुलिस शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी मछलीशहर अतर सिह का कहना है की प्रथम दृष्टया शव को देखने से लग रहा है की कोई अंधविश्वासी तालाब के किनारे निसार किया होगा फिलहाल मामले की जांच की जा रही है शव की पहचान नही हो पाई है।

# नगर पालिका परिषद पिहानी का गृहकर विभाग कुव्यवस्था का शिकार

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : पिहानी नगरपालिका परिषद के काले कारनामे, एक तरफ करोड़ों की अवैध निर्माण को लेकर नगर पालिका देती है नोटिस, दूसरी तरफ चंद रुपयों के लालच में पालिका कर्मी हाउस टैक्स व जलकर की रसीद काट देते हैं।उच्चाधिकारियों की जांच की लपेट में नगरपालिका के कुछ कर्मचारी फंसने वाले हैं। जानकारी के अनुसार पिहानी के सईक पुत्र जहीर ने रामलीला मैदान के निकट करोड़ों की सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण कर रखा है। एक तरफ नगर पालिका परिषद पिहानी सरकारी भूमि पर अबैध निर्माण करने के नोटिस जारी करती है। लेखपाल भी नगर पालिका में सईक की भूमि अभिलेखों में न दर्ज होने की रिपोर्ट प्रस्तुत करता है। अब यहीं पर देखिए नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों की दोहरी चाल। एक तरफ सरकारी भूमि की नोटिस जारी की जाती है। दूसरी तरफ हाउस टैक्स व जलकर की रसीद काटी जा रही है। नगर पालिका परिषद पिहानी करोड़ों की जमीन का सौदा कर चुकी है। हाउस टैक्स व जलकर से मिलने वाले सौ दो सौ रुपए मे पालिका आमदनी बढ़ाना चाह रही है।। यह बात समझ से परे है। नगर पालिका परिषद के कर्मचारी भोली भाली जनता को बेवकूफ बना रहे हैं। बहुत ही सोचनीय व चिंतनीय विषय है कि आखिर किस के दबाव में नगर पालिका कर्मचारियों ने यह खेल खेला है।

# कार की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत : नतिनी घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा थाना के करीब पुरेरामजी गांव के पास पीछे से आ रही कार ने बाइक सवार को बुरी तरह टक्कर मार डिवाडर से टकरा क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में बाइक सवार अधेड़ की जहां मौके पर मौत हो गई वही पीछे बैठी नतिनी गम्भीर रूप से घायल हो गई। उध



र चालक क्षतिग्रस्त कार को छोड़कर मौके से फरार हो गया। थाना क्षेत्र के बीरभानपुर गांव निवासी करीब 60 वर्षीय मंगला प्रसाद यादव अपनी 14 वर्षीय नतिनी साक्षी यादव को दवा व ड्रेस दिलाने जौनपुर गए थें। रविवार को दिन में करीब ढाई बजे जौनपुर से वापस आते समय जैसे ही घटनास्थल के समीप पहुँच बक्शा बाजार की तरफ मुड़ना चाहे पीछे से तेजगति से आ रही एक्सयूबी कार चालक ने जोरदार टक्कर मारते हुए राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर बने डिवाडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस व पुलिस को सूचना दी। एम्बुलेंस पर मंगला व साक्षी को नौपेड़वा सीएचसी अस्पताल भिजवाया गया जहां चिकित्सकों ने मंगला को मृत घोषित कर दिया जबकि गम्भीर रूप से घायल साक्षी को बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह ने बताया कि कार व मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है मृतक के भतीजे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा रोड रेस्टोरेशन कार्य का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा द्वारा मुख्य विकास अधिकारी श्री साई तेजा सीलम के साथ शास्त्री ब्रिज से सद्भावना ब्रिज तक नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत डाली गई सीवर लाइन पूर्ण होने के उपरांत हो रहे रोड रेस्टोरेशन कार्य का निरीक्षण किया गया एवं उक्त रोड की पूरी चौड़ाई में बिटूमीन पेवमेंट बनाने का निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिये गये।उन्होंने उक्त कार्य को अबिलंब पूरा करने हेतु गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई



के अधिकारियों एवं पुलकित प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर को कहा। शास्त्री ब्रिज पर चल रहे मरम्मत कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराया जाए जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने ट्रेफिक इंस्पेक्टर जीडी शुक्ला से रूट डायवर्जन एवं ट्रैफिक व्यवस्था के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी ली। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) के अधिशासी अभियंता सचिन सिंह, गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई वाराणसी के परियोजना अभियंता पुरुषोत्तम राय, सहायक परियोजना अभियंता योगेश त्रिपाठी, पुलकित प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के पीएम राजू सिंह, डीपीएम दिलीप सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# बेकाबू ट्रैक्टर–ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के लोहता क्षेत्र अंतर्गत भरथरा पेट्रोल पंप के पास सोमवार दोपहर बेकाबू ट्रैक्टर–ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। सूचना



पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। मृतक की शिनाख्त ओम प्रकाश पुत्र फेकू राम निवासी तरना के तौर पर हुई। ओम प्रकाश तीन भाइयों में सबसे छोटा था। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल रहा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# जौनपुर में निकली भगवान परशुराम की विशाल शोभायात्रा झांकी रही आकर्षण का केंद्र

जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर कल शनिवार के दिन जौनपुर शहर में प्रदेश अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में विशाल शोभा यात्रा घोड़े डीजे और रथ के साथ दिव्य और अलौकिक शोभायात्रा निकाली गई यात्रा का प्रारंभ पानी टंकी चौराहे शिव मंदिर से होते हुए कलेक्ट्री, बस अड्डा, जेसीज, ओलंदगंज, रूहट्टा होते हुए पॉलिटेक्निक कृषि भवन शिव मंदिर पर समापन किया गया शोभा यात्रा को लेकर सभी ब्लॉक पदाधिकारी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए वहीं महराजगंज निवासी प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित पाण्डेय और ब्लॉक अध्यक्ष श्याम मिश्रा के नेतृत्व में नाथ निकेतन से शोभा यात्रा जौनपुर के लिए विशाल जनसमूह के साथ काफिला आगे बढ़ा वही जिला संरक्षक स्वामी श्याम जी महराज अपने कार्यालय शंभूगंज से भगवान श्री परशुराम की अलौकिक दिव्य झांकी को लेकर अपने विशाल जनसमूह और काफिले के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए वही प्रदेश अध्यक्ष पं. अवध नारायण तिवारी द्वारा अपने कार्यालय जगतगंज से भगवान परशुराम की झांकी, रथ, डीजे के साथ हजारों की संख्या में समर्थकों के साथ शहर में प्रवेश करते हुए भगवान परशुराम के जयकारे से पुरा शहर गुंजमान हो उठा वही जिलाध्यक्ष डॉ.अतुल कुमार दुबे द्वारा सभी आगंतुकों का गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए भगवान की शोभा यात्रा का प्रारंभ



किया वहीं जिले के सभी ब्लॉक पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में शोभायात्रा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला जहां सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा प्रदेश अध्यक्ष ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया इस मौके पर प्रतापगढ़ की धरती से आए प्रदेश प्रभारी प्रवीण मिश्र उपस्थित रहे। तथा डॉ ज्ञान प्रकाश मिश्र, जगदीश उपाध्याय, धर्मेंद्र तिवारी, धनंजय तिवारी, श्याम मिश्र, रामजीत उपाध्याय, राजेंद्र प्रसाद मिश्र, पंकज उपाध्याय, दीपक मिश्रा, सुभाष मिश्रा, सियाराम उपाध्याय, सुरेंद्र नाथ तिवारी, प्रयास उपाध्याय, अमितेंद्र तिवारी, श्याम मिश्रा, अवधेश उपाध्याय,रमेश मिश्र, भैया लाल उपाध्याय, नीलेश मिश्रा, अतुल तिवारी, राजेश उपाध्याय,शरद मिश्रा, जीतेंद्र उपाध्याय, अरविंद मिश्र, सरोज उपाध्याय, तथा हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षा ऐसी हो की वह बच्चो को भार न लगे– सीमा द्विवेदी

सुजानगंज ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : क्षेत्र के जे पी इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव में उपस्थित बतौर विशिष्ट अतिथि बृजेश सिंह प्रिंशू एम एल सी ने कहा कि सृजन का अर्थ नव निर्माण करना होता है ,और एक अध्यापक का प्रमुख कार्य खुद सृजन करना और अपने छात्र छात्राओं में यह गुण विकसित करवाना है।वर्तमान परिपेक्ष्य में गुणवत्ता शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लिए सिर्फ अध्यापक की ही नहीं अभिभावकों की भी भूमिका अति महत्वपूर्ण होता है ।यह समय अध्यापक और अभिभावकों के बीच सामंजस्य स्थापित करके बच्चो को एक नई और उच्च कोटि की शिक्षा प्रदान करने का है। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा की बच्चो को उनकी रुचि के अनुसार शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए ।शिक्षा ऐसी हो की वह बच्चो को भार न लगे ।प्रत्येक माता पिता का यह परम कर्तव्य है की वह अधयापको का सहयोग करे और अपने बच्चो पर भी ध्यान दे क्युकी बच्चा जो कुछ देखता या सुनता है वैसे ही बनने का भी प्रयास करता है ।अतः बच्चो के सामने सयमित होकर ही बात करे ।इसके अतिरिक्त विशिष्ठ अतिथि महाराजगंज के ब्लॉक प्रमुख विनय सिंह,सुजानगंज के प्रमुख श्री प्रकाश शुक्ला,बादशाहपुर के प्रमुख सत्येंद्र सिंह फंटू और खुटहन के प्रमुख बृजेश यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की शुरुवात मुख्य और विशिष्ठ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित करके किया गया ।इसके बाद बच्चो ने कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए ।अनेकता में एकता



और स्वच्छ भारत अभियान की प्रदर्शनी ने सभी का मन मोह लिया ।इसके अतिरिक्त छोटे छोटे बच्चो के द्वारा प्रस्तुत किया विभिन्न नाटक और गीत ने लोगो का ध्यान आकर्षित करने में सफल रहा ।कार्यक्रम के अंत में विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले छात्र और छात्राओं को भी सम्मानित क्या गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व आयकर आयुक्त गौरीशंकर ने किया और स्कूल के प्रबंधक डॉ जय प्रकाश त्रिपाठी ने आए हुए आगंतुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन विद्यालय की छात्रा आस्था शुक्ला साक्षी मिश्रा, नंदनी उपाध्याय, आदित्य यादव ने किया। इस कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का आभार विद्यालय की प्रधानाचार्या निशा किरण उपाध्याय ने किया। उक्त कार्यक्रम में रामदयाल द्विवेदी, पंकज मिश्रा, अभिषेक सिंह, राजेश सिंह, दयाशंकर तिवारी, संतोष तिवारी, संतोष द्विवेदी मंगलागिरी, बृजेंद्र मिश्रा, डॉ 0 विनय कुमार त्रिपाठी मनोज द्विवेदी, अपल चंद्र ,अभिषेक तिवारी, नवीन मिश्र समेत सभी बच्चो के अभिभावक तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गोरखपुर में एक करोड़ ठगने वाला दंपती गिरफ्तार : नौकरी का लालच देकर करता था ठगी

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले के चौरीचौरा पुलिस ने एक करोड़ से अधिक की ठगी करने वाले दंपती को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने युवा बेरोजगारों को सऊदी अरब में नौकरी का झांसा देकर वसूली की थी। विदेश जाने के इच्छुक युवाओं को फर्जी पासपोर्ट भी थमाया जाता था। दिल्ली जाने पर इसकी जानकारी हो पाती थी। आरोपी दंपती पर पुलिस ने एक साल पहले केस दर्ज किया था और फिर गैंगस्टर की कार्रवाई भी की थी। तभी से आरोपी फरार चल रहे थे। रविवार को पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। पकड़े गए आरोपी दंपती की पहचान पिपराइच इलाके के जंगल छत्रधारी टोला लालगंज निवासी सोनू चौहान और उसकी पत्नी रेखा चौहान के रूप में हुई है। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि पति–पत्नी संगठित गिरोह चलाकर जालसाजी करते थे। युवाओं को विदेश में नौकरी का झांसा दिया जाता था। खुद को यह दोनों सऊदी अरब की एक बड़ी कंपनी का एजेंट बताकर युवाओं को झांसे में लेते थे। एक युवक से एक लाख रुपये तक की वसूली करने के बाद उन्हें फर्जी पासपोर्ट थमाकर दिल्ली एयरपोर्ट भेजा जाता था। बताया जाता था कि यहां से सऊदी की उड़ान होगी, लेकिन वहां पर जाने पर ही चेकिंग के दौरान युवाओं को जालसाजी की जानकारी हो पाती थी। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने 2022 में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था, लेकिन तभी से फरार चल रहे थे। बाद में गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। रविवार को रामूडीहा के पास से प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह, एसओजी प्रभारी मधुप नाथ मिश्रा की संयुक्त टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। कार में खुद आग लगाकर केस दर्ज कराया था सोनू करीब दो साल पहले



पिपराइच थाने में सोनू ने फर्जी केस दर्ज कराया था। तब उसने अपने गांव के एक युवक को फंसाने के लिए खुद ही कार में आग लगा दी थी और फिर केस दर्ज कराया। उसने क्लेम का पैसा भी ले लिया था। लेकिन, बाद में इसकी जानकारी पुलिस की जांच में होने के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। पूर्व में हुईं जालसाजी की घटनाएं 04 फरवरी 2023 : फर्जी नियुक्ति पत्र देकर 60 लाख की जालसाजी करने के आरोप में पीपीगंज पुलिस ने महराजगंज के विनोद यादव व दीनानाथ को जेल भेजा था। 11 फरवरी 2023 : विदेश भेजने के नाम पर करोड़ों की जालसाजी करने वाले देवरिया के गौरीबाजार, देवकुआं निवासी खुर्शीद अंसारी, गौरीबाजार निवासी जमील खान व सिद्धार्थनगर के शोहरतगढ़ के देबुरुआ निवासी दिनेश पासवान को खोराबार पुलिस ने जेल भेजा था। 13 मार्च 2023 : पिपराइच पुलिस ने एक करोड़ रुपये की जालसाजी के आरोपी सत्यवान यादव को जेल भेजा। 29 जून 2022 : चौरीचौरा पुलिस ने नौकरी के नाम पर 35 लाख की जालसाजी करने के आरोपी रामजानकी नगर निवासी अंजेंद्र शेखर यादव, विलारी सुधीर कुमार, भौवापार निवासी संदीप चौहान को जेल भेजा था।

# ब्राह्मण–वैश्य वोटरों को साधने की रणनीति : भाजपा ने जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों पर फिर जताया भरोसा

लखनऊ ब्यूरो : भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश में नगर निगम महापौर चुनाव में अपने परंपरागत ब्राह्मण और वैश्य वोट बैंक को साधने की कोशिश की है। पार्टी ने 17 में से पांच नगर निगम में ब्राह्मण और पांच में वैश्य समाज के कार्यकर्ता को महापौर प्रत्याशी बनाया हैं। पार्टी ने पिछड़े व दलित वोट बैंक को प्रतिनिधित्व देकर सामाजिक समीकरण बनाने की कोशिश की है। सामान्य वर्ग में ब्राह्मण, ठाकुर, वैश्य और कायस्थ समाज को भाजपा का सबसे पुराना परंपरागत वोट बैंक माना जाता है। भाजपा ने लोकसभा चुनाव में मिशन 80 का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पार्टी ने निकाय चुनाव से ही अपने परंपरागत वोट बैंक के साथ पिछड़े व दलित वर्ग में भी अपने बड़े वोट बैंक को संतुष्ट करने की रणनीति अपनाई है। भाजपा की ओर से 16 अप्रैल को घोषित 10 नगर निगम महापौर प्रत्याशी की सूची में तीन वैश्य, दो ब्राह्मण, एक कुर्मी, एक तेली, एक कोरी, एक धोबी और एक कायस्थ समाज के कार्यकर्ता को टिकट दिया था। रविवार रात घोषित दूसरे चरण के 7 नगर निगम के महापौर प्रत्याशी में पार्टी ने तीन ब्राह्मण, दो वैश्य, एक कलाल, एक कुर्मी और एक कलाल समाज के कार्यकर्ता को टिकट दिया है। इस तरह महापौर चुनाव में भाजपा ने पांच ब्राह्मण, पांच वैश्य, दो कुर्मी, एक कोरी, एक धोबी, एक तेली, एक कलाल और एक कायस्थ समाज के कार्यकर्ता को मौका दिया है। पार्टी ने वाराणसी नगर निगम में अशोक तिवारी, लखनऊ नगर निगम में सुषमा खर्कवाल, अयोध्या के प्रत्याशी गिरिशपति त्रिपाठी, कानपुर की प्रत्याशी प्रमिल पांडेय, बरेली के प्रत्याशी उमेश गौतम ब्राह्मण समाज से हैं। वहीं मुरादाबाद नगर निगम से विनोद अग्रवाल, मथुरा–वृंदावन नगर निगम में विनोद अग्रवाल, प्रयागराज नगर निगम में उमेश चंद्र खर्कवाल, गाजियाबाद से महापौर प्रत्याशी सुनीता दयाल और अलीगढ़ के महापौर प्रत्याशी प्रशांत सिंघल वैश्य समाज से हैं। गोरखपुर नगर निगम से प्रत्याशी डॉ. मगलेश श्रीवास्तव कायस्थ समाज से हैं। पिछड़ों और दलितों का संतुलन भी साधा पिछड़े वर्ग में कुर्मी और तेली समाज को भाजपा का बड़ा वोट बैंक माना जाता है। पार्टी ने सहारनपुर नगर निगम में अजय कुमार और शाहजहांपुर नगर निगम में कुर्मी समाज की अर्चना वर्मा को टिकट देकर कुर्मी समाज



को कुल दो सीट दी है। वहीं फिरोजाबाद नगर निगम में तेली समाज की कामिनी राठौर को प्रत्याशी बनाया है। वहीं मेरठ नगर निगम के महापौर प्रत्याशी हरीकांत आहलूवालिया पंजाबी कलाल समाज से हैं। अनुसूचित जाति वर्ग में झांसी नगर निगम से बिहारी लाल वर्मा कोरी समाज से हैं। आगरा नगर निगम महापौर प्रत्याशी हेमलता दिवाकर धोबी समाज से हैं। जिम्मेदारों पर फिर जताया भरोसा भाजपा ने 16 नगर निगम में से 13 नगर निगम में नए चेहरों को मौका दिया है। शाहजहांपुर नगर निगम में पहली बार चुनाव हो रहे हैं। वहीं आरक्षण बदलने या जनता से मिले फीडबैक के आधार पर 11 निवर्तमान महापौर के टिकट काट दिए गए हैं। 2017 में अलीगढ़ और मेरठ में बसपा के महापौर विजयी हुए थे। वहीं पार्टी की रीति नीति और अपेक्षा पर खरा उतरने के चलते मुरादाबाद नगर निगम के निवर्तमान महापौर विनोद अग्रवाल, बरेली नगर निगम के निवर्तमान महापौर उमेश गौतम और कानपुर नगर निगम की निवर्तमान महापौर प्रमिला पांडेय को फिर मौका दिया गया है। परिवारवाद से दूर, कार्यकर्ताओं को मौका भाजपा ने महापौर चुनाव के दूसरे चरण में भी परिवारवाद से दूरी बनाने की कोशिश की है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष और नगर निगम महापौर प्रत्याशी में किसी भी सांसद, विधायक और मंत्री के परिवारजन को प्रत्याशी नहीं बनाया है। वहीं 17 नगर निगम में एक प्रदेश उपाध्यक्ष, एक क्षेत्रीय मंत्री, दो महानगर अध्यक्ष, एक प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, पूर्व विधायक को प्रत्याशी बनाकर कार्यकर्ताओं को संदेश देने की कोशिश की है कि पार्टी को उनकी चिंता है। हालांकि चुनाव जीत के लिए शाहजहांपुर नगर निगम में चंद घंटे पहले सपा से आई अर्चना वर्मा को भी प्रत्याशी बनाया गया है।

# ज्ञानवापी से जुड़े प्रकरण की तीन मई को होगी सुनवाई : 7 मामलों की सुनवाई एक साथ किए जाने का किया गया मांग

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के बहुचर्चित ज्ञानवापी से जुड़े एक ही प्रकृति के सात मामलों के एक साथ सुने जाने के मसले पर तीन मई को सुनवाई होगी। इस मामले में पहले 21 अप्रैल को जिला जज की कोर्ट में सुनवाई होनी थी। उस दिन अवकाश होने के कारण नहीं हुई। सोमवार को अधिवक्ता राजेंद्र सेठ के निधन से बार एसोसिएशन द्वारा शोक प्रस्ताव के मद्देनजर सुनवाई नहीं हुई। ऐसे में अब सुनवाई की तिथि तीन मई तय की गई है। ज्ञानवापी से जुड़े श्रृंगार गौरी वाद की महिला वादिनियों लक्ष्मी देवी, रेखा पाठक, सीता साहू व मंजू व्यास ने जिला जज की अदालत में प्रार्थना पत्र देकर सात मामलों की सुनवाई एक साथ, एक ही अदालत में करने की मांग की थी। इसी पर जिला जज की अदालत ने बीते सोमवार को आदेश पारित किया था। जिला जज ने आदेश में स्पष्ट किया है कि जब सभी मामले स्थानांतरित होकर जिला जज की अदालत में आ जाएंगे, तब देखा जाएगा कि सभी मामले एक साथ सुने जाने योग्य हैं या नहीं। 19 पेज के आदेश में कहा गया है कि जिन अदालतों में मामले लंबित हैं, उन्हें जिला जज की अदालत में स्थानांतरित किया जाता है। इनके स्थानांतरित होकर जिला जज की अदालत में आने के बाद इस बिंदु का निर्धारण किया जाएगा कि सभी वादों का एक साथ सुना जाना उचित है या नहीं। जिन सात मामलों को स्थानांतरित कर एक साथ सुनवाई किए जाने का अनुरोध जिला जज



की अदालत से शृंगार गौरी वाद की महिला वादिनी लक्ष्मी देवी, रेखा पाठक, सीता साहू व मंजू व्यास ने किया है, वो सभी एक ही प्रकृति हैं। पहला मामला अविमुक्तेश्वरानंद, दूसरा मां श्रृंगार गौरी व अन्य,तीसरा आदि विश्वेश्वर व अन्य, चौथा आदि विश्वेश्वर आदि, पांचवां मां गंगा व अन्य, छठा सत्यम त्रिपाठी व अन्य और सातवां नंदी जी महाराज की तरफ से दाखिल वाद हैं। यह सभी वाद एक ही प्रकृति के बताए गए हैं। इनमें आराजी नंबर 9130 के स्वामित्व की मांग और ज्ञानवापी परिसर स्थित शृंगार गौरी, आदि विश्वेश्वर व अन्य देवी देवताओं के राग भोग, दर्शन पूजन आदि की मांग नाबालिग देवता मानते हुए की गई है।

# स्टेज पर दुल्हन से हाथ मिलाना युवक को पड़ा भारी : घरवालों ने जमकर की धुनाई

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले में एक हैरान करने वाला मामला समाने आया है। यहां पिपराइच इलाके में चार दिन पहले स्टेट पर चढ़कर दुल्हन से हाथ मिलाने वाले युवक की पिटाई कर दी गई। आरोप है कि दुल्हन के घरवालों ने अपहरण कर बंधक बनाकर पीटा और पुलिस के आने पर छोड़ा। हालांकि, पुलिस की जांच में पता चला है कि युवक ने दुल्हन संग फोटो वायरल कर दिया, जिसके बाद कहासुनी हुई है। फिलहाल, पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, गांव में चार दिन पहले शादी थी। इस दौरान एक युवक स्टेज पर चढ़कर दुल्हन से हाथ मिलाया और फब्तियां भी कसी। फिर फोटो लेकर इसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसी बीच आरोपी युवक की मां ने थाने पर तहरीर देकर बेटे को बंधक बनाकर पीटे जाने का आरोप लगाया। महिला का कहना है कि शनिवार शाम लगभग 6.30 बजे गांव के ही कुछ युवकों ने तमंचा के बल पर बेटे को जबरन गाड़ी में बैठा कर अपने घर ले गए और कमरे में बंद कर उसकी पिटाई कर दी। मामला मुहल्ले का होने के कारण युवक के घर की कुछ महिलाएं पहुंचीं। उनके साथ भी गाली–गलौज



की गई। एसओ पिपराइच नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने बताया कि चार दिन पहले एक शादी समारोह में कुछ युवकों ने जयमाल स्टेज पर चढ़कर दुल्हन से हाथ मिलाते हुए फब्तियां कसी थी। उस दिन मामला शांत हो गया, लेकिन बाद में फोटो वायरल हो गया। इसी बात को लेकर मामला सामने आया है। तमंचा सटाकर पिटाई करने का मामला पूरी तरह से गलत है। दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# केंद्र व प्रदेश के साथ नगर की भी सरकार बनाकर ट्रिपल इंजन की बनाये सरकार –नितिन अग्रवाल

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : उत्तर प्रदेश के आबकारी मंत्री स्वतन्त्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने कहा कि 27 सालों से नगर पालिका में मनमानी कर लूट खसोट करने वाले से वोट के जरिये हिसाब लेने का वक्त आ गया है।श्री अग्रवाल ने कहा कि सपा ने भ्रष्टाचार और जातिवाद की जो नींव डाली थी उसे योगी जी ने खत्म कर दिया।सपा ने भाई भतीजावाद को लूट की खुली छूट थी।6 वर्षों के शासन काल में योगी सरकार के किसी मंत्री पर कोई दाग नही लगा।वह सेवा के लिये सरकार में आये हैं।योगी ने माफियाओं को मिट्टी में मिलाने के लिये कहा था वह कर दिखाया।इसमें सबसे बड़ी तकलीफ सपा को रही है क्योंकि ऐसे लोग सपा के पाले हुए थे।जिनसे पुलिस भी डरती थी।सपा सरकार में हजारों एकड़ भूमि पर इन्ही माफियाओं का कब्जा था।श्री अग्रवाल ने मुजफ्फर नगर दंगे का जिक्र करते हुये कहा कि दंगाइयों को उनके एक प्रभावशाली मंत्री की शह पर बचाया गया।जिन पर आज एक सैकड़ा से अधिक मुकदमें दर्ज हो चुके है और वह जेल भी जा चुके हैं। प्रदेश सरकार के स्वतन्त्र प्रभार मंत्री नितिन अग्रवाल ने सपा और बसपा को निशाने पर लेते हुये कहा कि समाजवादी पार्टी परिवारवाद की पार्टी है और बहुजन समाज पार्टी समाज को तोड़ने का काम करती है।उनकी पार्टी जातिवाद में विश्वास नही रखती है सभी वर्गों सभी धर्मों को साथ लेकर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री का नारा है सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास। प्रदेश की सरकार जीरो टॉलरेंस पर कार्य कर रही है।कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि आप सभी लोग नगर की सरकार की बनाकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का कार्य करें।ताकि भेदभाव पूर्ण तरीके से हो रहे कामों पर रोक लग सके।श्रीमती तिवारी ने कहा कि वह यहां की जनता के लिये हर समय कार्य करने को तैयार रहती हैं।उन्होंने मंत्री पद संभालते ही नगर पालिका का विस्तार कराने का प्रस्ताव शासन को भेजा था जिसे मुख्यमंत्री ने मंजूर



कर लिया।अब आप लोग 27 वर्षों से नगर पालिका पर काबिज व्यक्ति को हटाने का काम करें। श्रीमती तिवारी ने कहा कि जो गांव नगर में शामिल किये गए हैं उनमें आवासों की धनराशि दोगुनी से ज्यादा मिलेगी।तथा जो जमीन बीघों में बिकती थी वह फुट में बिकेगी जिसका लाभ यहां के लोगों को मिलेगा।उन्होंने कहा कि बड़ी पार्टी होने के नाते टिकट मांगने वाले लोग भी अधिक थे जो सभी एक मंच पर संजय मिश्रा के समर्थन में हैं।चुनाव में वोट डालने से मत भटकना रक्षा हम करेंगे सुरक्षा भी देंगे तथा 4 वर्षों तक हम ही आपके कार्य करेंगे।विपक्ष का कोई भी कार्य नही हो पायेगा।भाजपा प्रत्याशी नगर और गांव हर जगह जीत रहा है।सभी कमल की ताकत को पहचाने।थाना तहसील के अलावा नगर पालिका में नेतृत्व हम करेंगे।इसलिये सभी लोग योगी और मोदी बन जाओ और विकास के लिये ट्रिपल इंजन की सरकार बनाओ।सांसद जयप्रकाश रावत ने केंद्र प्रदेश की योजनाओं के बारे में लोगों को बताया। भाजपा जिला महामंत्री सत्येन्द्र कुमार सिंह राजपूत के संचालन में हुई इस चुनावी सभा में भाजपा प्रत्याशी संजय मिश्रा,राजेंद्र प्रसाद मिश्रा,श्रीकृष्ण शास्त्री,रामबहादुर सिंह,जिला पंचायत सदस्य लालाराम राजपूत,ब्लाक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्र,टोडरपुर प्रमुख प्रतिनिधि श्यामू त्रिवेदी, गंगाराम राठौर,रामनाथ त्रिपाठी,वेदराम राजपूत,सुनील गुप्ता नवनीत गुप्ता नीतू गोपाल त्रिपाठी अतुल गुप्ता अभय सिंह, प्रमोद रस्तोगी, राजीव राठौर अंकित मिश्रा गोपाल गुप्ता अमित मिश्रा के अलावा दौलतराम राठौर मुकेश बाल्मिकी,राशिद खान,दीप कमल राठौर,कृति वर्मा के अलावा,देवराज सिंह,देवेंद्र राजपूत सुभाष सिंह पीयूष गुप्ता विकास मौर्य विपिन सैनी सौरभ लाहोरी ओम अग्निहोत्री रमेश राठौड़ अजय प्रजापति कमल सिंह,नलिन गुप्ता,अनिल शुक्ला,कमल शुक्ला एवं सुभाष रस्तोगीसमेत भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अतीक–अशरफ हत्याकांडः एनकाउंटर और हत्या के बाद फूंक–फूंक कर कदम बढ़ा रही सरकार

लखनऊ ब्यूरो : राजूपाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल की हत्या के बाद लगातार बदल रहे घटनाक्रम ने राज्य सरकार को खासी एहतियात बरतने को मजबूर कर दिया है। उमेश पाल की हत्या करने वाले अतीक के बेटे असद और शूटर गुलाम के एनकाउंटर और प्रयागराज में अतीक और अशरफ की हत्या के बाद राज्य सरकार फूंक–फूंक कर आगे कदम बढ़ा रही है। यही वजह है कि दोनों ही मामलों में न्यायिक जांच आयोग का गठन किया गया है ताकि भविष्य में इन घटनाओं को लेकर कोई राज्य सरकार पर सवाल न उठा सके। बताते चलें कि अतीक और अशरफ की मौत के बाद राज्य सरकार ने तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन करने के साथ एसआईटी भी बनाने का निर्णय लिया था। एसआईटी बनने से अतीक और अशरफ की मौत के मामले के हर पहलू की गहराई से विवेचना की जा सकेगी। वहीं, एसआईटी पर नजर रखने के लिए डीजीपी आरके विश्वकर्मा ने मॉनीटरिंग टीम भी बनाई है, जिसमें प्रयागराज जोन के एडीजी, पुलिस कमिश्नर और विधि विज्ञान प्रयोगशाला के निदेशक को शामिल किया गया है। दरअसल, अतीक और अशरफ की हत्या के मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग लगातार कुछ संगठनों और सियासी दल उठा रहे हैं। दोनों प्रकरणों में न्यायिक जांच आयोग का गठन इस पर विराम लगाने की कवायद मानी जा रही है। बिकरू कांड की जांच भी न्यायिक आयोग को इससे पहले कानपुर के बिकरू कांड की जांच भी न्यायिक आयोग से कराई गयी थी। सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश बीएस चौहान की अध्यक्षता में बनाए गये आयोग में हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश शशिकांत अग्रवाल



और पूर्व डीजीपी केएल गुप्ता को शामिल किया गया था। आयोग ने अपनी जांच में बिकरू कांड के बाद हुए छह एनकाउंटर को सही ठहराया था। साथ ही, बिकरू कांड में दोषी पाए गये पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की संस्तुति की थी। सुप्रीम कोर्ट ने भी बाद में न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट पर मुहर लगा दी थी। रिवर फ्रंट घोटाले की भी कराई जांच वर्ष 2017 में प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद सपा सरकार में बनाए गये गोमती रिवरफ्रंट की जांच भी न्यायिक आयोग से कराई गयी थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश आलोक सिंह की अध्यक्षता में गठित समिति ने रिवरफ्रंट के निर्माण में करोड़ों रुपये की वित्तीय अनियमितता होने की पुष्टि की थी। न्यायिक जांच आयोग की सिफारिश पर राजधानी में दोषी पाए गये सिंचाई विभाग के इंजीनियरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। बाद में राज्य सरकार ने इस प्रकरण की जांच सीबीआई से कराने की संस्तुति की थी।

# बीएचयू के लंका गेट पर छात्रों का प्रदर्शन : मारपीट के मामले में दर्ज मुकदमे की धारा बढ़ाने की मांग

वाराणसी ब्यूरो : बीएचयू परिसर स्थित डाकघर के समीप रविवार की रात छात्रों और बाहरी युवकों में कहासुनी के बाद हुई मारपीट का मामला सोमवार को भी गर्म रहा। आरोपियों के खिलाफ दर्ज मुकदमे में धारा बढ़ाने की मांग को लेकर पीड़ित छात्र और उसके समर्थकों ने बीएचयू के लंका गेट पर प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन की सूचना पर लंका थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। धरनारत छात्रों को समझाने–बुझाने का प्रयास किया मगर असफल रहे। खबर लिखे जाने तक छात्रों का प्रदर्शन जारी था। छात्र पुलिस प्रशासन विरोधी नारे लगा रहे हैं। पीड़ित छात्र दीपक ने बताया कि वो रविवार शाम अपने दोस्तों साथ के डाकघर के समीप स्थित एटीएम से पैसा निकालने गया था। इस दौरन दो बाइक से 6–7 की संख्या में अज्ञात युवक आए। बिना वजह गाली देने लगे। विरोध करने पर मारपीट करने लगे। इसमें एक दोस्त सिर में पत्थर लगने की वजह से बेहोश हो गया। ईंट से उसके आंख के पास और चेहरे



पर चोट लगी। मारपीट की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे विश्वविद्यालय के प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सुरक्षा कर्मियों ने दो बाहरी युवकों को पकड़ कर लंका थाने की पुलिस को सौंप दिया। छात्रों का आरोप है कि तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने सामान्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। इससे आरोपी आसानी से छूट जाएंगे। मारपीट में शिवम और दीपक घायल हैं। तहरीर के आधार पर लंका थाने में आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 323 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# पृथ्वी का स्वर्ग वहाँ होता है जहाँ बुजुर्ग मुस्कराते हुये मिले –जिलाधिकारी

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : आज जिलाधिकारी द्वारा समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रायोजित सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान वृद्धाश्रम, अल्लीपुर वि०ख० बावन का औचक निरीक्षण किया गया। वृद्धाश्रम मे जिलाधिकारी ने कहा कि पृथ्वी का स्वर्ग वहाँ होता है जहाँ



बुजुर्ग मुस्कराते हुये मिले। बुजुर्गों की सेवा से मिले आशीर्वाद हमे उन सफलताओं के शिखर पर ले जाते है हम अपने जीवन मे सन्तुष्ट अनुभव करते है। वृद्धाश्रम मे माननीय जिलाधिकारी अपनी धर्मपत्नी श्रीमती सिंह के साथ पहुँच कर सभी संवासीयो से व्यक्तिगत वार्तालाप करके आश्रम में दी जा रही सुविधाओ के बारे में जानकारी प्राप्त की। आवास भोजन आदि सभी व्यवस्थाओं से वृद्धाश्रम के सभी संवासी पूरी तरह सन्तुष्ट मिले। जिलाधिकारी व उनकी धर्मपत्नी द्वारा वृद्धाश्रम में निवास कर रहे लगभग 80 संवासियों को फल, मिष्ठान आदि वितरित किये गये। जिलाधिकारी ने वृद्धाश्रम के कार्यकर्ता गणों से वृद्धाश्रम की दिनचर्या पर विस्तृत चर्चा कर उन्हें निर्देशित किया यह नौकरी नहीं सेवा है। उन्होंने कहा कि साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये तथा इस अवस्था में चिकित्सक सुविधा में सभी स्वास्थ्य परीक्षण नियमित कराकर देख रेख की जाय। संस्था का भोजन, आवास तथा मनोयोग से कार्यकर्ताओं के गुणवत्तापूर्ण कार्य देखकर प्रशंसा की। इस अवसर जिला समाज कल्याण अधिकारी, राजमती भी उपस्थित रही। निरीक्षण के समय शीला जयसवाल, रूचि पाण्डेय, पूजा शर्मा, रजनीश शिवम आदि सभी वृद्धाश्रम कार्यकर्ता तथा बाबा–दादी आवासित मिले।

# हत्या के बाद दोस्तों संग मिलकर जला दिया पत्नी का शव

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले के उरुवा इलाके के बंजरिया गांव की सुमित्रा की शनिवार को पति ने हत्या की और फिर दोस्त संग मिलकर शव को राजघाट पर जला दिया। गांव से पुलिस को पता चला था कि हत्या के बाद पति अपने दोस्त के साथ बाइक से शव लेकर फरार हुआ है। पुलिस तभी से जांच में जुटी थी। हत्या की पुष्टि के बाद पुलिस



ने शव की राख को एकत्र कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा है। पुलिस ने सुमित्रा के पिता गंगाधर की तहरीर पर पति हरेंद्र, दोस्त पिंटू, ससुर गर्गमुनि, सास हसना, रामअवतार व अंतिमा के खिलाफ हत्या और शव छिपाने का केस दर्ज कर पति को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक, शनिवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि बंजरिया गांव के हरेंद्र बेलदार की 38 वर्षीय पत्नी सुमित्रा ने सुबह 10 बजे खुदकुशी कर ली है। मौके पर पुलिस गई तो न तो महिला मिली और न ही घरवाले। बाद में पता चला कि हरेंद्र अपनी पत्नी के शव को दोस्त पिंटू के साथ बाइक पर बीच में रखकर कही चला गया। उसकी तलाश में उरुवा, बेलघाट, सिकरीगंज पुलिस जुट गई, लेकिन किसी का भी पता देर शाम तक नहीं चला। उधर, रात में ही महिला के पिता संतकबीरनगर जिले के घनघटा के गर्थवलिया निवासी गंगाधर ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में बताया कि 22 वर्ष पूर्व सुमित्रा की शादी हरेंद्र से हुई थी। शादी के बाद से ही हरेंद्र सुमित्रा को पिटता था। नाराज होकर सुमित्रा मायके आ गई थी। कुछ दिन पहले पति हरेंद्र उसे मनाकर मायके से ले गया था। आरोप है कि हरेंद्र ने शनिवार को फोन कर बताया कि सुमित्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जब पिता बेटी के घर पहुंचे तो वहां कोई नहीं था। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि पति ने शव को राजघाट पर जला दिया है। फॉरेंसिक जांच के लिए शव के राख को भेजा गया है। हत्या व शव छिपाने का केस दर्ज कर पति को गिरफ्तार कर लिया गया है।

सम्पादक मंडल
श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।